>

Title: Request the government to give 100% compensation to the farmers affected due to Natural Calamities in eastern U.P.

श्रीमती संगीता आजाद (**लालगंज**): अध्यक्ष जी, धन्यवाद । मैं आपका और सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद आजमगढ़ की ओर आकर्षित करना चाहूंगी, जहां दिनांक 13 और 14 मार्च को आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और चक्रवात के कारण गेहूं, चना, सरसों आदि रबी की फसलों की बर्बादी हो गई है । मेरे संसदीय क्षेत्र में विधान सभा लालगंज, दीदारगंज, अतरौलिया, निजामबाद आदि पूर्वांचल के सैकड़ों गांवों की फसल पूर्ण रूप से बर्बाद हो गई है । अध्यक्ष जी, किसान देश का अन्नदाता है । किसान कर्ज लेकर फसलों के बीज आदि खरीदता है । बहुत से किसान पूर्ण रूप से खेती पर ही निर्भर होते हैं । उनके बच्चों की पढ़ाई, बच्चों की शादी-विवाह तक फसलों की बिक्री पर निर्भर होता है । जो भी फसलें विगत 20 वर्षों से काफी अच्छी थीं, लेकिन इस साल प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की जिन्दगी चली गई है, उनके घर गिर गए हैं । मैं सरकार से मांग करती हूं कि किसानों की फसलों का जो भी नुकसान हुआ है, उसके लिए सरकार केन्द्रीय दल भेजकर उन फसलों के नुकसान का आकलन कराकर तत्काल फसलों का मुआवजा दे ।

सर, सरकार पिछले 6 महीनों के उनके बिजली के बिल माफ करे और प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत उनकी फसलों का भुगतान कराया जाए । फसल बीमा योजना के तहत जो भी बीमा कंपनियां किसानों का बीमा कवर करती हैं, वे पूर्ण रूप से उनको बीमा प्रदान नहीं करती हैं । मैं सरकार से मांग करती हूं कि किसानों की फसलों का शत प्रतिशत भुगतान किया जाए । मैं आपकी बहुत-बहुत आभारी हूं, धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री रितेश पाण्डेय, श्री श्याम सिंह यादव, श्री राम शिरोमणि वर्मा, श्री मलूक नागर एवं श्री गिरीश चन्द्र को श्रीमती संगीता आज़ाद द्वारा उठाए

गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, एक मिनट के बाद माइक अपने आप बंद हो जाएगा । आप बोलते समय घड़ी का ध्यान रखिएगा ।